हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 मौसम ने बदली करवट कड़ाके की ठंड ने किया ...



07 रुके पड़े अटल प्रोग्रेस-वे के दोबारा से शुरू होने से...



## खबर संक्षेप

### अटल जन्म शताब्दी - अभिनन्दन व सम्मान समारोह 11 जनवरी को

**सागर।** भारत रत्न से सम्मानित देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर मानव एवं पशु सेवा को समर्पित सेवकों व संस्थानों के अभिनन्दन व सम्मान समारोह का आयोजन अटल फाउंडेशन सागर इकाई द्वारा 11 जनवरी रविवार को दोपहर 01.30 बजे से सिविल लाइन्स स्थित वरदान सभागार से किया जायेगा। समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर की अध्यक्षता में होने जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन होंगे। इस अवसर पर अटल अलंकरण से उप राष्ट्रपति महोदय द्वारा सम्मानित पशु सेवा समिति सागर के पारंग शुक्ला का अभिनन्दन तथा मानव व पशु सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं प्रमुख संस्थाओं व सेवकों को भी सम्मानित किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए अटल फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष डॉ.चंचला दवे, जिला सचिव, डॉ.विनोद तिवारी, संभागीय अध्यक्ष डॉ.सुश्री शरद सिंह एवं संभागीय सचिव डॉ. सुजाता मिश्र ने समस्त प्रबुद्ध जन से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### वनमंडल दक्षिण सागर एशियन वॉटर बड्र्स सेंसस का आयोजन

**सागर।** वनमंडल दक्षिण सागर में पहली बार 03 एवं 04 जनवरी को एशियन वॉटर वड्र्स सेंसस 2026 का सफल आयोजन किया गया। एशियन वॉटर वड्र्स सेंसस एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत झीलों, तालाबों, नदियों इत्यादि में पाये जाने बाले जलीय पक्षियों की गणना की जाती है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य जलीय पक्षियों की संख्या, प्रजातीय विविधता तथा जल स्थलों की पारिस्थितिक स्थिति का आंकलन करना है जिससे जलीय पक्षियों के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक आधार उपलब्ध हो सके। एशियन वॉटर वड्र्स सेंसस 2026 के अंतर्गत वनमंडल दक्षिण सागर में कुल 09 तालाबों का सर्वेक्षण 04 सर्वेक्षण दलों एवं वन अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा किया गया। सर्वेक्षण में सर्वेक्षण दलों द्वारा जलाशयों के किनारे पहुँचकर जलीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ, उनकी संख्या, उनकी गतिविधियाँ और उनके प्राकृतिक आवास की स्थिति को रिकॉर्ड किया गया। सर्वेक्षण के दौरान वनमंडल दक्षिण सागर अंतर्गत लगभग 82 जलीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान की गई। साथ ही प्रवासी एशियाई जलीय पक्षियों की कुछ दुर्लभ प्रजातियाँ जैसे रिवर टर्न, रूडी सेल डक, लिटिल रिंग्ड प्लोवर, साइवेरियन स्टोन चेट, बुलीनेक स्टॉर्क, ब्लैक रेड स्टार्ट, रेड नेप्ड आईविस एवं ब्लेक हेडिड आईविस को देखा गया।

### केसली में विशेष जनसुनवाई आज

**सागर।** सागर जिले के केसली विकासखंड में 6 जनवरी को विशेष जनसुनवाई आयोजित की जाएगी जिसमें कलेक्टर संदीप जी आर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक ले जाना है। आमतौर पर ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय (सागर) के आना पड़ता है। केसली में इस शिविर के आयोजन का अर्थ है किः मौके पर ही शिकायतों की जांच कर उनका समाधान किया जाएगा। यहां वृद्ध, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो जिला मुख्यालय नहीं जा सकते, वे अपने ही क्षेत्र में कलेक्टर से मिल सकेंगे। चूंकि कलेक्टर के साथ जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, इसलिए विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। जनसुनवाई मौके पर समाधान सहित होगी।

## समीक्षा से कार्यों को आगे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती हैः श्याम तिवारी जिला अध्यक्ष

# संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी हैः गौरव रणदिवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भाजपा की सरकारें हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के कार्यों को घर-घर तक पहुँचाएं तथा "हर घर भाजपा कार्यकर्ता" के लक्ष्य के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करें। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने सागर जिले के संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित सागर, नरयावली, बीना एवं सुरखी विधान सभा की बैठक को संबोधित करते हुये कही। सागर एवं नरयावली विधानसभा की बैठक संयुक्त रूप से हुयी। बीना एवं सुरखी विधान सभा की बैठक पृथक रूप से आयोजित की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, संभागीय कार्यालय मंत्री, डॉ. वीरेन्द्र पाठक, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव, पूर्व प्रदेश मंत्री प्रभु




दयाल कुशवाहा मंचासीन रहे।

बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुये कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केन्द्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना होगा। संगठनात्मक प्रवास नियमित बैठके और जन संवाद के माध्यम से संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जन कल्याण व स्वशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये है प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाने के लिये सभी कार्यकर्ता कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाता है इसीलिये लाभार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित कर उन्हें योजनाओं की जानकारी देना और पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन में अनुशासन, समयबद्धता और आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पिछले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब हम सभी कार्यकर्ता जब अपने किए हुए कार्यों की स्वयं समीक्षा करते हैं तो वास्तविकता का पता चलता है। समीक्षा करने से यह भी पता चलता है कि जो सोचा था, वह हुआ कि नहीं। हर व्यक्ति को अपने कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए। समीक्षा व स्वयं अवलोकन से कार्यों को आगे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि दूसरे सत्र में प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने संगठनात्मक सागर ग्रामीण जिले की रहली, देवरी, बंडा विधानसभा की क्रमशः बैठकों को संबोधित किया जिनमें बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार, देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया, युवा भाजपा नेता अभिषेक गोपाल भार्गव भी शामिल हुये।



## गढ़ाकोटाः अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, घरों से पकड़ी शराब, मामला दर्ज

**गढ़ाकोटा।** थाना क्षेत्र में बढ़ती शराबखोरी के खिलाफ अब ग्रामीण महिलाओं ने कमान संभाल ली है। गांव-गांव में चल रही शराबबंदी की मुहिम के तहत शनिवार को सागर जिले के गढ़ाकोटा अंतर्गत ग्राम हरदी मादों ग्राम में आदिवासी महिलाओं का रौद्र रूप देखने को मिला। महिलाओं ने न केवल अवैध शराब बेचने वालों के घरों पर दबिश दी, बल्कि भारी मात्रा में शराब पकड़कर पुलिस के हवाले भी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हरदी मादों ग्राम की आदिवासी महिलाएं संगठित होकर अवैध शराब विक्रेताओं के घर पहुंचीं। महिलाओं ने तलाशी के दौरान प्रकाश कोरी के पास से 56 पाव अवैध शराब बरामद की। वहीं, एक अन्य आरोपी मुलु गौंड के पास से भी अवैध शराब जब्त की गई। महिलाएं इस जप्तशुदा शराब को लेकर सीधे गढ़ाकोटा थाने पहुंचीं और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी शिवम दुबे ने बताया कि हरदी मादो गांव की महिलाओं द्वारा अवैध शराब पकड़ी गई है। पुलिस ने महिलाओं की सक्रियता पर त्वरित कार्रवाई करते हुए। प्रकाश कोरी और मुलु गौंड पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही ग्रामीण महिला वैजंती आदिवासी ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा,गांव में धड़ल्ले से अवैध शराब बिक रही है, जिससे हम सभी महिलाएं और परिवार परेशान हैं। शराब के कारण आए दिन घरों और मोहल्लों में लड़ाई-झगड़े और मारपीट की घटनाएं होती हैं। बच्चों के भविष्य और घर की शांति के लिए हमने यह मोर्चा संभाला है। हम चाहते हैं कि गांव में पूर्ण शराबबंदी हो। गौरतलब है कि पूरे क्षेत्र में शराबबंदी को लेकर एक बड़ा अभियान चल रहा है। दर्जनों गांवों में पहले ही ग्रामीण एकजुट होकर शराबबंदी लागू करवा चुके हैं। हरदी मादो ग्राम की इस घटना ने अब अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक मिसाल पेश की है। जबकि गढाकोटा थाना क्षेत्र में अभी अभी आसानी अवैध शराब का विक्रय चल रहा है जहां मुहल्लों में आसानी से यह अवैध शराब किराना दुकान,नगर से सटे ढाबो व अन्य जगह पर धड़ल्ले से बिक रही हैं साथ ही होम डिलीवरी पर भी शराब बिक रही थाना पुलिस के नवागत थाना प्रभारी शिवम दुबे को इन जगहों पर पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## निगम कर्मचारियों ने लंबित वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर अधिकारियों को सदबुद्धि प्रदान करने प्रार्थना की



**सागर।** नगर निगम कर्मचारियों की वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के आठवें दिन सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सोमवार को नया बाजार स्थित श्री बाल्मीकि मंदिर पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुद्धि प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, सईद उद्दीन कुरैशी, आनंदमंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा कि आंदोलन के तहत सभी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण गतिविधियां की जा रही हैं। सोमवार को नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नया बाजार स्थित श्री बाल्मीकि मंदिर पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुध्दि प्रदान करने के लिए प्रार्थना की है। कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में लंबित वेतन देने सहित अन्य कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करना, एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा करना, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, कर्मचारियों का शीघ्र रिक्त पदों पर नियमितीकरण की कार्रवाई करने तथा लंबित एरियर्स का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारिय़ों की जमा राशि का भुगतान शामिल है। कर्मचारी संघ ने कहा है कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। 6 जनवरी को म.प्र.नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी एवं विभिन्न कर्मचारी संघों के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय में श्रीमान् कलेक्टर सागर के समक्ष पहुँचकर प्रातः 10.30 बजे जनसुनवायी में अपना-अपना आवेदन प्रस्तुत करेंगें। इस अवसर पर शईदउद्दीन कुरैशी, वर्षा समद, कुलदीप बाल्मीकि, बाबू मंछदर, सुरेन्द्र महावत, प्रकाश मिश्रा, धर्मेन्द्र बन्टू बोहरे, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, संयम चतुर्वेदी, जावेद खान, जयंती, रविशंकर श्रीवास्तव, अनिल दुबे, राजेश नापित, प्रकाश ताम्रकार, सहित बड़ी संख्या में नगर निगम की सभी शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक ने की महापौर व निगम अधिकारियों संग जलप्रदाय व सीवर कार्यों की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दूषित जल आपूर्ति की रोकथाम एवं नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी नगरीय निकायों को दिए गए निर्देशों के परिपालन में सोमवार को सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में शहर की जलप्रदाय व्यवस्था एवं सीवर कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा में महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार तथा नगर निगम आयुक्त खत्री की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में टाटा कंपनी द्वारा संचालित जलप्रदाय व्यवस्था एवं सीवर एजेंसी के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उन सभी संभावित स्थानों की पहचान की गई, जहाँ जल के दूषित होने की आशंका बनी रहती है। विधायक जैन ने निर्देश दिए कि इन सभी बिंदुओं पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि शहर के परंपरागत जल स्त्रोतों जैसे हैंडपंप एवं कुओं के जल की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है तथा जांच पूर्ण होने तक आम नागरिकों को इनके पानी के उपयोग से बचने के निर्देश दिए गए हैं।



विधायक जैन ने विशेष रूप से राजघाट जल स्त्रोत के पानी की बहुस्तरीय जांच के निर्देश देते हुए कहा कि जल संयंत्र से निकलने वाले पानी, पानी की टंकियों से वितरित जल तथा अंतिम उपभोक्ता के घर तक पहुंचने वाले पानी की अलग-अलग स्तरों पर टेस्टिंग की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इन सभी जांच रिपोर्टों को सार्वजनिक किया जाए, ताकि नागरिकों में विश्वास बना रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर की प्रत्येक पानी की टंकी तथा प्रत्येक नल कनेक्शन पॉइंट पर जल गुणवत्ता जांच किट उपलब्ध कराई जाए। इसकेअलावा निश्चित समय अंतराल पर सभी ओवरहेड टैंकों एवं पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि गंदगी जमा न हो और आम जन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल प्राप्त हो सके। विधायक जैन ने यह भी निर्देशित किया कि शहर की पुरानी एवं क्षतिग्रस्त जल आपूर्ति लाइनों में जहाँ-जहाँ लीकेज है, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि गंदा पानी जल लाइन में प्रवेश न कर सके। इसके उपरांत विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ तुलसी नगर वार्ड की एक गली में पहुंचे, जहाँ उन्होंने मौके पर जल कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान सीवर चेंबर में पानी ओवरफ्लो होने की प्राप्त शिकायत के संबंध में स्थानीय नागरिकों को स्थिति की जानकारी दी गई तथा समस्या के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विधायक जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि जहाँ कहीं भी सीवर लाइन और जलप्रदाय लाइन साथ-साथ जा रही हैं, वहाँ दोनों लाइनों को अलग-अलग किया जाए, ताकि भविष्य में दूषित पानी की समस्या उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर जलप्रदाय, सीवर एवं नगर निगम के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी को समयबद्ध एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी पर माघ मेला आज



**गढाकोटा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तिल चतुर्थी (माघ चतुर्थी) के अवसर पर मंगलवार को गढ़ाकोटा के सुनार नदी तट पर स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक एवं अष्ट विनायक देवालय में भव्य माघ मेले का आयोजन किया गया है। आयोजक एवं आमंत्रण कर्ता विधायक गोपाल भार्गव ने बताया कि 4 जनवरी द्वितीया से विशेष वैदिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हो चुका है तथा 6 जनवरी चतुर्थी को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में भगवान श्री गणेश जी का दिव्य अभिषेक, सहस्त्रार्चन एवं महा-हवन सम्पन्न होगा। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से सवा तीन क्विंटल तिल के लड्डू एवं मोदक का भोग अर्पित कर श्रद्धालुजनों को महाप्रसाद, अभिमंत्रित रुद्राक्ष, एवं पटका वितरण किया जाएगा। समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सादर निवेदन है कि इस पावन आयोजन में सहभागी बनकर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी एवं उनके अष्ट स्वरूपों के दर्शन-आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र से संचालित यूपीएससी और बैंकिंग की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में स्थापित डॉ अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र के तहत संचालित यूपीएससी और बैंकिंग की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन में संपन्न हुई। शीघ्र ही परिणाम जारी क़र प्रवेश हेतु काउंसलिंग कराई जाएगी। केंद्र की अध्यक्ष प्रो. चंदा बेन ने बताया कि भारत सरकार की योजना के तहत डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त वित्तीय मदद से विश्वविद्यालय में बैंकिंग और यूपीएससी की तैयारी हेतु कोचिंग संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। यह योजना अनुसूचित जाति, पिछडी जाति और पी एम केयर के विद्यार्थियों के लिए संचालित की जाती है। इसमें कुल सौ सीट हैं जिनमें से 74 सीट यूपीएससी और 36 सीट बैंकिंग की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित है।

## पुलिस ने किया वाटर कैनन का उपयोग, भारी पुलिस बल ने रोका कांग्रेसियों का रास्ता

# इंदोर में दूषित पानी से हुई मौतों तथा मंत्री की गलत बयान बाजी के विरोध में कांग्रेस ने घंटा बजाकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सागर में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की नेतृत्व में संविधान चौक पर धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि भागीरथपुरा में अब तक डेढ़ दर्जन मौत हो चुकी है लगभग 2500 से 3000 तक लोग बीमार हैं और करीब डेढ़ सौ लोग आईसीयू में भर्ती है। जिस क्षेत्र में घटना घटी है वहां का पार्षद, मेयर और मिनिस्टर को प्रदेश सरकार को पद से हटा देना चाहिए। भाजपा की नजर में निर्दोषों की कोई कीमत नहीं। बेचारे मौत के काल में समा रहे हैं और जब पत्रकारों ने इस संबंध में मंत्री विजयवर्गीय से सवाल जवाब किया तो उन्होंने काफी गंदे आपत्तिजनक शब्दों का उक्त पत्रकार से संवाद किया। कितने शर्म की बात है कि कांग्रेस का पांच सदस्यों दल जो इस घटना की जानकारी लेने पहुंचा था उनके साथ भी अभद्रता की।

अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की शहर में भी बरसों पानी टंकी कि जो खाली नहीं हुई इंदौर




घटना की बाद सागर का नगर निगम साफ कर रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में गंदगी निकल रही है नहीं तो यहां भी ऐ हाल होता।

अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि सागर में भी धोती कुर्ता और पगड़ी लगाकर अलग-अलग पहुंचकर प्वाइंटों पर अपने कैमरामैन के साथ फोटो खिंचवाते हैं। जनता से उनका कोई लेना देना नहीं है उनके सबसे ज्यादा समर्थकों का राशन की दुकानों एवं मध्यान भोजन वितरण का काम देख रहे हैं। जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। सागर में अपराधी तांडव कर रहे हैं बीच सड़कों पर चाकू छुरी चल रहे हैं। अपराध लगातार बढ़ रहे हैं भ्रष्टाचार मिट् नहीं रहा है। बड़ी संख्या में बेरोजगार पलायन कर रहे हैं। लेकिन सागर के पगड़ी वाले बाबा एक्शन मोड में नहीं आए। कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह नहीं मिल रही जिससे उनके परिवार पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है और शहर में स्मार्ट सिटी बनाने की वह बात कर रहे हैं। धरने के उपरांत बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने विधायक बंगले के घेराव के लिए घंटा बजाकर कांग्रेसी आगे बढ़े तो भारी संख्या में पुलिस बल बीच मार्ग पर बेरिकेड लगाकर कांग्रेसियों का रास्ता रोकने में लग गया। इस दौरान हल्की नोक झोंक भी पुलिस और कांग्रेसियों के बीच हुई। घेराव के लिए जा रहे कांग्रेसियों ने नारे लगाए मोहन सरकार जब-जब डरती है पुलिस को आगे करती है।

धरने को पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, अमित रामजी दुबे, सिंटू कटारे, संदीप चौधरी, सुरेंद्र चौबे, रामकुमार पचौरी, शैलेंद्र तोमर, अवधेश तोमर, हीरालाल चौधरी, विजय साहू, राहुल चौबे, शरद पुरोहित, सागर साहू, चक्रेश रोहित, वसीम खान, रेखा सोनी, मीना पटेल, आनंद हैला, सीमा कमल चौधरी, किरण लता सोनी, रेखा अहिरवार, शारदा चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र चौधरी एवं आभार कमलेश तिवारी ने माना।

## ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों की सहकारिता समिति सदा रहेगी यादः महाराज सिंह

**सागर।** वर्ष 1988 से संचालित बिजली कर्मचारियों की सहकारिता समिति को 04 जनवरी को माँ हरसिद्धि देवी मंदिर प्रांगण बाघराज मे अंतिम विशेष वृहद आयोजन के उपरांत विराम लग गया है। समिति ने स्थापना वर्ष 1988 से लगातार अपने 38 वर्षो के कार्यकाल को एक सफल सहकारिता समिति के मॉडल के रूप मे स्थापित कर एक अविस्मरणीय नाम इतिहास मे दर्ज किया है। समिति के आधार स्तंभ महाराज सिंह राजपूत ने बताया कि 31 दिसम्बर 2025 तक समिति के सभी सदस्यो से मासिक अंशदान की राशि जमा करवाई गई है। इसके बाद समिति का संचालन स्थगित कर दिया गया है। उन्होने ने बताया कि समिति का पूरा लेखा-जोखा कंप्लीट कर समिति के सदस्यो की जो राशि 31 दिसम्बर 2025 तक जमा हुई है। उक्त जमा पूंजी का प्रत्येक सदस्य के खाते में अनुग्रह राशि सहित प्रविष्टि अनुसार नियमानुसार 31 मार्च 2026 के पूर्व जमा राशि का वापिस भुगतान चेक द्वारा किया जावेगा। समिति के महाराज सिंह ने स्थापना से लेकर आज दिनांक तक समिति के संचालन में ऊर्जा विभाग,सहकारिता विभाग, ऑडिट विभाग एवं बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों का जो भी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग प्राप्त हुआ उनका हदय से आभार व्यक्त किया है उल्लेखनीय है समिति के समापन कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानो पर निवासरत एवं विदेश से भी लोगो ने भाग लिया आयोजन में महेन्द्र तिवारी रायपुर, विनय दुबे, एस.पी. कोरी जबलपुर, लक्ष्मीनारायण पाठक, दीपक भाई क्षत्री मुम्बई, एस.के. गुर्जर इन्दौर, विनोद आठे छिन्दवाडा, कृष्णा सिंह यूनियन बैंक उडीसा, भारती शर्मा इंदौर एवं स्वीडन से रेणुका दरे उपस्थित थी इसके अलावा रामलखन श्रीवास्तव, अरविंद जैन, के.के. अग्रवाल, के.वी. राजौरिया, आर.एस. कटारे, नंदराम अहिरवार, आर.एस. खरे, प्रमोद दरे, नवीन जैन, एच.के.मिश्रा, परमानंद पटेल, रविन्द्र दुबे, हरीश विश्वकर्मा, सरिता जैन, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, ए.के. पाण्डे, आर.के. मिश्रा, के.एल. रैकवार, डी.के.सोनी, के.एल.साहू, नारायण प्रसाद, के.एल. कटारया, यूनियन बैंक के बृजेश केशरवानी, सुश्री दीप्ती कटारिया, नवनीत धगट, राजकुमार यादव,संजय गुप्ता सहित बडी संख्या में समिति के सदस्य सपरिवार शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### खाद लेने गए व्यक्ति की वाहन की टक्कर से मौत

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सिलावन में रहने वाले केशव पुत्र स्व.कैलाश अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर को सुबह करीब 6 बजे उसके पिता कैलाश अहिरवार पुत्र रग्गू अपने घर से कृषि कार्य के लिए यूरिया खाद की बोरी लेने के लिए अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 4886 से ललितपुर जा रहे थे। ग्राम खितवांस में टायर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गिरकर घायल हो गये। राहगीरों ने उसके पिता को एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम प्यासा निवासी प्रागी पुत्र सामले निरंजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2 जनवरी को उसका पुत्र नीतेश अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 1470 से तहसील मड़ावरा जा रहा था। वह जैसे ही तहसील गेट के सामने पहुंचा कि तभी वहांसे मारूति ईको गाड़ी संख्या एम.पी.15 जेड.ई. 4861 के चालक ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों ने नीतेश को सीएचसी मड़ावरा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डाक्टरों ने नीतेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गांव लौट रहे व्यक्ति को वाहन ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना मोहनगढ़ के ग्राम मालपीथा में रहने वाली विमलाबाई पत्नी मुन्नालाल वंशकर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 12 दिसम्बर को शाम करीब 6.15 बजे उसका पुत्र हरकिशन थाना बानपुर के ग्राम ककरेला आया हुआ था। ककरेला से अपने घर लौट रहा था। कैलगुवां रोड पर रास्ते में गुलियन की पुलिया पर उसका पुत्र हरकिशन बाथरूम करने लगा, तभी ककरेला निवासी छोटू पुत्र शिवदयाल यादव ने अपनी मोटर साइकिल से उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। तभी राहगीर महेन्द्र सिंह व उसके पिता काशीराम ने उसे उपचार के लिए टीकमगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने उसके पुत्र को झांसी रेफर कर दिया। झांसी से उसका उपचार भोपाल में भी चला। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जबरन शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** चण्डी माता मंदिर के पीछे नई बस्ती निवासी आयुष पुत्र प्रभुदयाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 1 जनवरी को रात करीब 8 बजे वह स्टेशन से लौटकर अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में ओवरब्रिज के नीचे संदीप भौंड़ेले, उत्कर्ष नायक पुत्र राजेश नायक, उदय पाराशर, सुमित कौशिक ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए कहा, जब उसने जबरन शराब पिलाने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शनि मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**विदिशा।** बेतवा तट स्थित शनि मंदिर पर साल के पहले शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त शनि देव के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने तेल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की और सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पहले शनिवार के कारण सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही, जिससे मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं और माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पुजारी राधे लाल जोशी ने बताया कि साल के पहले शनिवार को शनि देव की विशेष मान्यता होती है।

सुबह-शाम और रात को घना कोहरा व ठंडी हवा से तापमान में गिरावट

# मौसम ने बदली करवट कड़ाके की ठंड ने किया जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले में इन दिनों भीषण ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से शाम और रात के समय घना कोहरा व ठंडी हवा के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ठिठुरन भरी ठंड से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। कई ग्रामीण इलाकों में लोग देर तक घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। ठंड का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सुबह के समय बाजार देर से खुल रहे हैं और ग्राहकों की संख्या भी कम नजर आ रही है। ठंड के कारण सड़कों पर सुनसान छाया हुआ है वहीं, ठंड से सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला प्रशासन ने भी ठंड के बचाव के उपाय के लिए अधीनस्थों को आदेश कर पारित किया कि वह किसी भी आमजन को ठंड से बचने के लिए रेन बसेरा मैं इस ठंड से बचने के संसाधन बना रखे हैं ।

कार्य करते तबीयत खराब हुई थी

## एसआईआर में कार्यरत शिक्षामित्र हेमलता की मौत



**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय टगर बिरधा में कार्यरत शिक्षामित्र हेमलता की विगत माह ए स आ ई आ र बीएलओ में ड्यूटी लगी थी। विगत दिवस एसआईआर का कार्य करते समय तबीयत खराब हो गई थी, जिन्हें आनन फानन में झांसी के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर हालात में सुधार न होने पर उन्हें एम्स हॉस्पिटल भोपाल रेफर कर दिया था जहां पर ब्रेन हेमरेज का आपरेशन हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण शिक्षा मित्र एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा आर्थिक मदद की थी एवं जिलाधिकारी ललितपुर ने भी एक लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। हेमलता की जान नहीं बच पाई। उक्त शिक्षामित्र महरौनी विधानसभा के 411 की बीएलओ का कार्य कर रही थी। वर्तमान में बीएलओ कार्य में तनाव ज्यादा हुआ। बीएलओ को 500 अल्प मानदेय मिलता है, जो भी कभी टाइम से नहीं दिया जाता। अधिकांश 90 प्रतिशत शिक्षा मित्रों की ड्यूटी बीएलओ कार्य में लगा दी जाती है। साथ ही विभागीय कार्य करना पड़ता है। उक्त शिक्षा मित्र वर्ष 2006 से कन्या प्राथमिक विद्यालय बिरधा के विद्यालय में कार्यरत थी। समायोजन होने के बाद कम्पोजिट टगर बिरधा में नियुक्त थी। समायोजन निरस्त हो जाने के बाद से ही अवसाद में रहने लगी थी। उनके एक लड़का एवं लड़की है। शिक्षा मित्रों को अल्प मानदेय मिलता हैं। सरकार से आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं मानदेय वृद्धि हेतु मांग भी कर चुके हैं। धीरे धीरे शिक्षा मित्र काल के गाल में समाते जा रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने पहुंचकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्रों के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, बृजेश कुमार टोटे, अशोक शर्मा, सुदामा प्रसाद दुबे, नीलम तिवारी, कमलापति दुबे आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह में रहने वाली कुसुम पत्नी दयाली ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 अगस्त 2023 को उसके पुत्र अरविन्द को गांव का ही राजू उर्फ राजकुमार पुत्र पूरन कुशवाहा सुबह 9 बजे अपने साथ घर से ले गया था। देर रात तक जब घर लौटकर नहीं आया तो अपने पुत्र अरविन्द व राजू से मोबाइल फोन पर सम्पर्क किया, तो दोनों ने बताया कि सुबह तक वापस आ जायेंगे। 21 अगस्त को शाम करीब 8 बजे उसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी से सूचना मिली कि अरविन्द का एक्सीडेंट हो गया है और वह भर्ती है। सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंची, जहां उसने देखा कि अरविंद को गंभीर चोट आयीं है। डाक्टरों ने अरविन्द को उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान अरविन्द को मृत घोषित कर दिया। बताया कि पोस्टमार्टम के बाद भी कराया। बताया कि घटना की जानकारी राजू उर्फ राजकुमार से की तो राजू ने बताया कि 21 को वह लोट रहे थे तभी शाम 7 बजे सिलावन बस स्टेण्ड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से अरविन्द घायल हो गया था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

घर में घुसकर गालियां देने पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

## दोनों पक्ष से आधा दर्जन घायल, दोनों की रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रानीपुरा निवासी मुकेश साहू पुत्र सुरेश ने पुलिस को अवगत कराया कि एक जनवरी को शाम करीब 5.40 बजे उसका भाई देवेन्द्र साहू मुहल्ला करीला अपने घर पर था। तभी पड़ोस के धनीराम पुत्र छोटेलाल, सुनील, अनिल, उपेन्द्र, बंटी उर्फ भूपेन्द्र, रूपेश, गोलू पुत्रगण धनीराम एकराय होकर आये और उसके भाई को घर में घुसकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, सब्बल से मारपीट कर दी। बचाने आयी उसकी बहू आरती उर्फ अर्चना उसके भाई के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया और गंभीर चोटें आयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने दुकान में रखे सामान व बाइक की तोडफ़ोड़ कर दी, जिससे उसे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया। शोर मचाने पर मोहल्लेवासियों ने एकराय होकर उन्हें किसी प्रकार बचाया। फोन करके डायल 112 पर पुलिस को बुलाया, जिससे पुलिस आयी और उसके भाई व बहू को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से दोनों को मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भूपेन्द्र साहू पुत्र धनीराम साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि माताटीला चौराहा स्थित वह अपनी दुकान पर था, तभी सुरेश साहू पुत्र मल्थू, मुकेश साहू, अजय साहू, देवेन्द्र साहू, रामू, अंकित साहू पुत्रगण सुरेश साहू अपने 5-6 अज्ञात साथियों के साथ आये और मारपीट कर दी। दुकान में घुसकर सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। वहीं धारदार हथियारों, कुल्हाड़ी, रॉड से हमला कर पूरे परिवार पर हमला किया, जिससे उसके भाई भी घायल हो गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### दो पक्षों में मारपीट, ग्राम विरारी का मामला, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बिरारी निवासी मोहर सिंह पुत्र करन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम साढ़े छह बजे वह कचहरी से तारीख करके ललितपुर से अपने गांव वापस जा रहा था। तभी बरूआ नाले के पास गांव के राजेश पुत्र गजराज यादव, शिवम व उदय पुत्रगण राजेश यादव ने उसे गालियां दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। किसी प्रकार वह बचकर भागा और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर लोगों ने मौके पर आकर उसे बचाया। इस मारपीट में उसकी भाभी लक्ष्मी पत्नी श्रीराम, भतीजे कपिल को भी चोटें आ गयीं। उक्त लोगों ने जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से राजेश यादव पुत्र स्व.गजराज सिंह ने पुलिस को बताया कि वह खेत से पानी की मोटर चलाकर वापस घर आ रहा था। तभी माधव यादव, कपिल यादव पुत्रगण श्रीराम, विशाल यादव उर्फ युवराज उर्फ विक्की पुत्रगण संजय ने उसके साथ मारपीट कर दी। गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## पेड़ छांटते में भाई-भतीजे ने कर दी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना सौजना के ग्राम गुढ़ा निवासी गन्दू पुत्र जगन पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे वह घर के बाहर बेरी का पेड़ छांट रहा था, तभी उसका भाई बन्दू पुत्र जगन पाल, उसका पुत्र रामपाल आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत में पड़ोसियों ने किया हमला, मारपीट की

मोहल्ला तालाबपुरा अखाड़ा के पीछे रहने वाली फूलनदेवी पत्नी फूलचन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने खेत ग्राम सिलगन में थी। तभी प्रियांश पुत्र मनोज, प्रीति पत्नी मनोज, मनोज पुत्र अज्ञपत ने एकराय होकर उसे गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

खिलाड़ियों को टीम भावना के साथ खेलना चाहिएः मनोहर लाल

## केजीएन को हरा बार इलेविन फाइनल में पहुंची




**ललितपुर।** बार विकासखंड के ग्राम नागारा में श्री तुवन सरकार कप का शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें केजीएन ललितपुर एवं बार एलेविन टीम मध्य खेला गया। टूर्नामेंट श्री तुवन सरकार के महंत रामलखनदास महाराज ने 21 द दिसंबर 2025 को उद्घाटन कर मैच का शुभारंभ किया था, जिसमें शनिवार को राज्यमंत्री मनोहर लाल एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से खिलाडिय़ों का परिचय लिया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि खिलाडिय़ों को टीम भावना के साथ खेल खेलना चाहिए। इसके बाद मैच का शुभारंभ कराया गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बार एलेविन ने निर्धारित 15 ओवर में 178 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केजीएन ललितपुर की टीम निर्धारित 15ओवर में केवल 112 रही ही बना सकी और उसके सारे खिलाडी ऑल आउट हो गए। मैच के मेन ऑफ द मैच रहे। जिन्होंने 14 गेंदों में 31 रन बनाए एवं 4 ओवर में 49 रन देकर 4 विकेट लिए। आयोजक आशीष लिटोरिया रहे।

टीकमगढ़-खजुराहो रेलखंड में चलाया जागरूकता अभियान

## पत्थरबाजी रोकने रेलवे सुरक्षा बल ने स्टेशनों पर किया संपर्क



**ललितपुर।** टीकमगढ़ खजुराहो मार्ग की ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं के मद्देनजर रे.सु.ब. व.मं.सु.आयुक्त के आदेशोंदिशा-निर्देशों के अनुपालन में रे.सु.ब.थाना ललितपुर के उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह हमराह उप निरीक्षक अंकित कुमार,प्रधान आरक्षक पी.के.सोनी,हरिकिशन सिंह यादव,अवधेश कुमार यादव व आरक्षक शुभम बिसला द्वारा टीकमगढ़-खजुराहो रेलखंड में पड़ने वाले मवई रेलवे स्टेशन के पास वाले गांव मवई के उप सरपंच श्री लखन राजपूत की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस थाना देहात टीकमगढ़ मध्य प्रदेश से समन्वय स्थापित करते हुए थाना स्टाफ के साथ मवई ग्रामवासियों को एवं आसपास वाले अन्य गांव कंगना एवं नारगुड़ा में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं के मद्देनजर ग्रामीणों के मध्य जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को अपने बच्चों को रेलवे लाइन रेलवे/क्षेत्र से दूर रखे जाने एवं संदिग्थता वाले व्यक्तियों के बारे में स्थानीय पुलिस एवं आरपीएफ को सूचित किए जाने हेतु जागरूक किया गया।साथ ही बच्चों के द्वारा ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को अंजाम दिये जाने के परिणाम स्वरूप सम्बन्धित बच्चों सहित उनके अभिभावकों/परिजनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।इस दौरान सभी ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम हेतु यथासंभव रेलवे की सहायता किए जाने का आश्वासन दिया गया।

विदिशा पुलिस की सख्ती, नशा और अपराध के खिलाफ विशेष अभियान

## संदिग्धों की जांच, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

असामाजिक तत्वों, अवैध गतिविधियों और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संबंधित थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। नववर्ष 2026 को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विशेष रूप से नशा करने वालों, शराब और ड्रग्स बेचने व सेवन करने वालों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर स्थित टीला क्षेत्र में विशेष दबिश दी गई। यहां पूर्व में शराब और ड्रग्स बेचने वालों के ठिकानों पर तलाशी ली गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में किसी भी प्रकार का नशा या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह सख्ती जारी रहेगी।

## सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई



विदिशा। जयंती पर एकत्रित हुए समाजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा द्वारा सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती रायपुरा स्कूल के सामने स्थित कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कुशवाह महासभा प्रदेशाध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाह ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को हम अपने जीवन में आत्मसात करें तभी समाज का उत्थान होगा।

कार्यक्रम को जिला महामंत्री कैलाश कुशवाह, जिलाध्यक्ष महिला महासभा दीपा कुशवाह, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाह, शिक्षक नारायण सिंह कुशवाह, भारती कुशवाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महासभा की नगर अध्यक्ष प्रिया कुशवाह ने की। कार्यक्रम का संचालन तहसील युवा अध्यक्ष सुरेश कुशवाह ने किया। आभार बब्लू कुशवाह तहसील महामंत्री ने माना। इस दौरान ललता प्रसाद कुशवाह, हल्लू कुशवाह, शैतान सिंह कुशवाह, क्रांति कुशवाह, भारती कुशवाह, गुड्डी बाई, मंजू बाई, राज बाई, मीराबाई, नर्मदा बाई, बसंती बाई, पुनिया बाई, मोहन बाई, कलाबाई, कुंवर बाई बादि मौजूद रहे।


### सबसे अधिक लाभ चंबल संभाग खासकर श्योपुर वासियों को मिलेगा

# रुके पड़े अटल प्रोग्रेस-वे के दोबारा से शुरू होने से सैकड़ों किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिस अटल प्रोग्रेस-वे का विरोध होने पर उसे रोक देने के शिवराज सरकार के फैसले को उचित बताकर तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान का आभार जताने वाले भाजपा नेता इन दिनों मोहन सरकार द्वारा इस रुकी हुई योजना को दोबारा शुरू करने की कवायद पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गुणगान कर रहे हैं। जो भी हो इस योजना के दोबारा चालू होने पर जिले के उनसे सैकड़ो किसानों को जरूर राहत मिलेगी जिनकी जमीन इस योजना के तहत रोड निकालने के लिए चिन्हित कर ली गई थी और उसे अहस्तांतरित कर रजिस्ट्री इत्यादि पर रोक लगा दी थी।

हाल ही में डॉ मोहन यादव ने घोषणा की है कि वह तीन राज्यों (राजस्थान एमपी यूपी के पांच जिलों को जोड़ने वाली अटल प्रोग्रेस-वे को दोबारा शुरू करेंगे। इसका सबसे अधिक लाभ चंबल संभाग खासकर श्योपुर वासियों को मिलने वाला है। जिन 57 गांवों से होकर इस योजना के तहत रोड निकाला जाना है वहां के सैकड़ों किसानों के लिए का सौगात रुक जाने से अभिशाप बन गई थी। क्योंकि वहां की जमीनों पर सरकार ने अहस्तांतरित घोषित कर रजिस्ट्री पर रोक लगा दी थी। जिससे किसान जरूरत पड़ने पर अपनी जमीन का सौदा भी नहीं कर पा रहे हैं जिन्होंने पूर्व में उक्त जमीनों को पेशगी देकर खरीदा था उनकी रजिस्ट्री भी नहीं हो रही है। साथ ही इन जमीनों के मालिकों को पीएम सम्माननिधि सहित किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



#### श्योपुर के 57 गांवों के लिए अभिशप्त बन गई थी योजना

बीते 7 साल से फाइलों में ही धूम रहे अटल एक्सप्रेस-वे से श्योपुर जिले को बेहतर कनेक्टिविटी को उमीद है। ये एक्सप्रेस-वे श्योपुर जिले की सीमा में लगभग 95 किलोमीटर की लंबाई का प्रस्तावित है और 57 गांवों से होकर निकलेगा। जिसके लिए जिले में कुल 598.321 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण होनी थी, जिसमें 90.878 हेक्टेयर सरकारी और 507.443 हेक्टेयर निजी जमीन यो। ये एक्सप्रेस-वे मुरैन्य-भिंड श्योपुर को जोड़ता है जबकि इधर कोटा राजस्थान को और श्योपुर जिले को दिल्ली-मुंबई मिलाएगा। बता दे कि इस परियोजना के अधर में लटकने से श्योपुर जिले के चयनित 57 गांवों के ग्रामीण परेशान बने हुए थे।

#### नगर मंडल अध्यक्ष ने जताया सीएम का आभार

काफी दिनों से ठंडी पडी अटल प्रोग्रेस वे परियोजना को पूरा किए जाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा समीक्षा बैठक लेकर जो निर्देश दिए गए है,उसके लिए नगर मंडल अध्यक्ष श्योपुर संजय मंगल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। सीएम को भेजे गए पत्र में आभार व्यक्त करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अटल प्रोग्रेस वे परियोजना के पूर्ण होने से अकेले श्योपुर ही नहीं,अपितु समूचे चंबल संभाग में विकास की गति तेज होगी।

#### 454 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण

इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए खेतों से होकर वन विभाग की 454.51 टेयर भूमि अधिगृति की जानी है। राजस्थान में कोटा जिले के सिमालिया गांव के पास मुंबई-एनएच 27 से शुरू होकर मध्यप्रदेश के तीन जिलों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में निन्वा तक इस मार्ग के निर्माण भिंड और इटावा को भी कोटा राजस्थान से जोड़ा जाना है।

#### इनका कहना है...

मैंने करीब साढ़े चार बीघा जमीन खरीदी थी जिसके पैसे भी सोप दिए हैं लेकिन अब रजिस्ट्री कराने का इंजार कर रहा हूं सरकार योजना शुरू करने से पहले हम जैसे किसानों को एक बार खरीदी बेची गई जमीन की रजिस्ट्री कराने का अवसर देना चाहिए ताकि अधिग्रहण में मुआवजा को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

**कमलेश गोस्वामी**
**किसान मानपुर**

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

## श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से नष्ट होते जन्म जन्मांतर के विकार:कृष्ण मुरारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के एकीकृत बस स्टैंड स्थित श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर परिसर से शुरू हुई और पुराना बस स्टैंड और पाली रोड होते हुए बस स्टैंड स्थित कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। धर्मप्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित इस श्रीमद भागवत कथा का समापन 12 जनवरी को विधिवत पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

### नपा ने जलाए अलाव स्कूली व आंगनबाड़ी के बच्चों को छुट्टी का इंतजार

## 10 से 7 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान बढ़ी ठिठुरन, अलाव का सहारा ले रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सोमवार सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया सर्दी का जो पारा रविवार को 10 डिग्री दर्ज किया गया था वह सोमवार की सुबह की सुबह 3 डिग्री गिरकर महज़ 7 डिग्री सेल्सियस रह गया। जिससे ठिठुरन बढ़ गई। लोगों को सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा।

नगर पालिका ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर दो दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलाकर लोगों को ठिठुरन से बचाया वही स्कूल और आंगनबाड़ी के बच्चों के माता पिता को छुट्टी का इंतजार करना पड़ा हालांकि डीईओ एमएल गर्ग ने स्कूलों के खुलने का समय 9:30 बजे से नियत कर दिया इससे पहले स्कूल नहीं खोलने के निर्देश जारी तो कर दिए लेकिन अधिकतर स्कूल शासन के निर्देश पर 10:30 बजे से ही खुलते हैं जिससे यह आदेश निरर्थक ही साबित हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों को ठिठुरते हुए स्कूल जाना पड़ा। कुछ समाजसेवी मानसिकता वाले शिक्षकों ने स्कूलों में अलाव जलाकर बच्चों का ठिठुरन से बचाया हालांकि अधिकतर अभिभावकों ने सोमवार को बच्चों को स्कूल ही नहीं भेजा क्योंकि चार दिनों के अवकाश के बाद सोमवार को स्कूल खुला था और वह भी अचानक बड़ी ठंड के बीच ऐसे में कम ही बच्चे स्कूलों में पढ़ने पहुंचे। आंगनबाड़ी पर तो ओर बुरे हाल थे केंद्र पर आय भोजन नाश्ते को कार्यकर्ता घर घर पहुंचाती नजर आई। बच्चों के अभिभावकों ने पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए स्कूल और आंगनबाड़ियों की छुट्टी करने की मांग कलेक्टर अर्पित वर्मा से की है।

### संत्संग के दौरान मारपीट और महिलाओं से अभद्रता करने का लगाया आरोप

## बैरवा महासभा ने घेरी कोतवाली, बजरंगदल के खिलाफ नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सत्संग के दौरान घर में घुसकर मारपीट और महिलाओं से अभद्रता करने के मामले को लेकर क्षेत्रीय बैरवा महासभा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने करीब घंटे भर कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी करते हुए न केवल बजरंगदल के खिलाफ नारे लगाए,बल्कि नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी है।

नारेबाजी करने के बाद तहसीलदार को सौपे गए ज्ञापन में बैरवा महासभा पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 11 अम्बेडकर नगर निवासी सीताराम बैरवा के घर पर जब सत्संग चल रहा था। तभी बजरंग दल से जुड़े कुछ लोग जबरन घर में घुस आए और वहां मौजूद लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही घर की महिलाओं और बेटियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। हंगामा बढ़ता देख जब मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी वहां से भाग निकले।ज्ञापन में बताया गया है कि सीताराम बैरवा पिछले 20 वर्षों से अपने घर पर सत्संग करते आ रहे हैं। इन आयोजनों में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता और प्रभु ईसा मसीह के जीवन पर विचार रखे जाते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि घर में घुसकर हमला करने और महिलाओं से बदसलूकी करने वाले नामजद आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ तुरंत केस दर्ज किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौपने के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मिलकर भी पूरी घटना की जानकारी दी। इस मौके पर स्थानीय विधायक बाबू जंडेल भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और समाज का समर्थन करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## दलित की मारपीट करने वाले पिता पुत्र को छह छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



एक दलित युवक की मारपीट करने संबंधी मामले में दोषी पिता पुत्र को विशेष न्यायालय श्योपुर ने छह छह माह के सश्रम कारावास और एक एक हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। दो साल पुराना यह मामला वीरपुर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि फरियादी युवक जब दुकान पर सामान खरीदने के लिए बाजार गया था,तभी वहां आरोपी पिता पुत्र ने मोबाइल संबंधी बात को लेकर जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर वीरपुर थाना पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में पेश किया। विचारण के दौरान विशेष न्यायालय ने राहुल राठौर और उसके पिता चंपी उर्फ भवानी राठौर निवासी बनिया थाना वीरपुर को दोषी मानते हुए छह छह माह का सश्रम कारावास और एक एक हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।

## आनंद उत्सव 14 से, जिला स्तरीय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव मनाय जायेगा। कलेक्टरअर्पित वर्मा ने आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने तथा कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद सदस्य-सचिव रहेगी। इसके साथ ही समिति में परियोजना अधिकारी डूडा, एसडीएम श्योपुर, विजयपुर, कराहल, जिला महिला बाल विकास अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सहित मास्टर ट्रेनर राजा खान एवं प्रदीप मुदगल को सदस्य बनाया गया है।

### प्रधानआरक्षक के सूने मकान में घुसे चोर,लाखों का माल समेटा



श्योपुर।शहर की क्रेशर कॉलोनी में रहने वाले एक प्रधान आरक्षक के घर में चोर उस समय कूद गए,जब प्रधान आरक्षक एक दिन के अवकाश पर ग्वालियर गया था। चोर नकदी और जेवर समेत लाखों का माल समेटकर ले गए है। मामले की खबर मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।यातायात थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजेन्द्र जाटव अपनी भतीजी की शादी की तैयारियों के सिलसिल में अवकाश लेकर ग्वालियर गए थे। लिहाजा मकान सूना था,जिसका फायदा उठाकर चोर रविवार सोमवार की दरमियानी रात को दीवार फांदकर घर में कूद गए और अंदर के कमरो का ताला तोडकर नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। जिसका पता चोरों को ग्वालियर से लौटने पर चला।

## अनुपस्थित मिली बर्धाखुर्द सीएचओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला स्तर से सीपीएससी सलाहकार आरबी शाक्य, डीसीएम अमित श्रीवास एवं जिला एपिडेमियोलॉजस्ट योगेश कुमार यादव द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में उप स्वास्थ्य केंद्र पहेला, उप स्वास्थ्य केंद्र बुखारी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र बर्धा बुजुर्ग का निरीक्षण कर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र बर्धाखुर्द की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्वेता श्रीवास्तव के अनुपस्थित पाये जाने पर नो वर्क नो पे मानकर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ग्राम बर्धा एवं झिरनिया में आयुष्मान कार्ड की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर आशा कार्यकर्ताओं रवीना जाट एवं संगीता भदोरिया को भी नोटिस जारी किया गया है।

निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में सहयोग का अवलोकन किया गया साथ ही आईडीएसपी कार्यक्रम अंतर्गत वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिसीज़ एवं मौसमी बीमारियों के संबंध में किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रोफेसरों ने ली स्कूली क्लास

श्योपुर।कॉलेज चलो अभियान के तहत उन विद्यार्थियों (जो इस साल 12वीं क्लास पास कर कॉलेज में प्रवेश करेंगे) को पढ़ाई बीच में नहीं छोड़ने ओर कॉलेज स्तर की पढ़ाई से जुड़ी जानकारी उपल्ब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे कॉलेज चलें अभियान के तहत सोमवार को पीएम श्री पीजी कॉलेज के प्रोफेसरों ने दांतरदा हायरसेकेंडरी स्कूल का भ्रमण किया और विद्यार्थियों की क्लास लेकर उनका मार्गदर्शन किया। कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा के निर्देशन में शासकीय पीजी महाविद्यालय की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दातरदा का भ्रमण किया गया जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम और योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाली प्रोत्साहन योजनाओं के बारे मे बताया एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय द्वारा आर्थिक मदद करने की बात कही, कैरियर मार्गदर्शन के बारे में विद्यार्थियों को डॉ करन सिंह सैनी ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की करते हुए कॉलेज चलो अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस कार्यक्रम में दांतरदा हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### वार्षिक परीक्षा में 60 नंबर के प्रश्न और 20 नंबर का होगा प्रोजेक्ट, 20 नंबर अर्धवार्षिक के जुड़ेंगे

# फरवरी में होगी पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा, 80 नंबर का आएगा पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में कक्षा पांचवी और आठवी की परीक्षाएं इस साल फरवरी माह में आयोजित की जाएगी। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर जारी होने के बाद जिले के शिक्षा विभाग ने भी इस परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। खास बात यह है कि इस बार राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा 5 वीं और 8 वी के छात्र छात्राओं के लिए 100 नंबर की जगह पर 80 नंबर का प्रश्न पत्र तैयार किया है। वार्षिक परीक्षा का पेपर 80 नंबर का इसलिए किया गया है,क्योंकि 20 नंबर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के भी जोडे जाएंगे।

राज्य शिक्षा केन्द्र सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार पांचवी और आठवी के छात्र छात्राओ को बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षा आयोजित होने के बाद पहली बार मिली है। पहले पांचवी और आठवी का वार्षिक पेपर 100 नंबर का होता था,लेकिन इस बार से यह पेपर 80 नंबर का किया गया है। 80 नंबर के पेपर में 60 नंबर के प्रश्नोत्तर होगे। जबकि 20 नंबर प्रोजेक्ट बनाने पर छात्र छात्राओं को दिए जाएंगे। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित होने वाली पांचवी और आंठवी की वार्षिक परीक्षा इस बार 20 फरवरी से आरंभ होगी।

बताया गया है कि 5 वीं की वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगी। जबकि कक्षा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से आरंभ होने के बाद 28 फरवरी तक चलेगी। दोनो परीक्षाओं का समय दोपहर की पाली में रहेगा। दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाली पांचवी आठवी की वार्षिक परीक्षाएं साढे चार बजे तक आयोजित होगी। जिले में शासकीय और अशासकीय मिलाकर एक हजार से अधिक प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल संचालित है। जिनमें 30 हजार के करीब छात्र छात्राए अध्ययनरत है। डीपीसी भूपेन्द्र कुमार शर्मा का कहना है कि पांचवी और आठवी की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार की जा रही है।



#### दिव्यांगों को अंग्रेजी विषय की सुविधा

पिछले कुछ सालों से दिव्यांग बच्चे परीक्षा के लिए अंग्रेजी भाषा का चयन नहीं कर पा रहे थे। अंग्रेजी भाषा अब कॉमन हो गई है। वे पढाई करें या कोई दिव्यांगों के लिए बनी डिवाइस उपयोग करें। ऐसे में अंग्रेजी भाषा जरूरी थी। इस वर्ष बच्चे इस विषय को चुन सकेंगे। दृष्टिधित विद्यार्थियों के लिए गणित विषय की जगह संगीत विषय के चयन का विकल्प दिया गया है। मूक बधिर परीक्षार्थियों के लिए तृतीय भाषा के स्थान पर चित्रकला विषय के चयन का विकल्प दिया गया है।

#### इधर 10 वीं और 12 वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं आरंभ

कक्षा 10-12 वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा 5 जनवरी से शुरू हो गई है। प्री-बोर्ड परीक्षा खत्म होते ही बोर्ड परीक्षा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। जिले में हाईस्कूल और हायरसेकंडरी करीबन 11 हजार छात्र छात्राए बोर्ड परीक्षा में शामिल होगे। कक्षा 12 वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से शुरू होने के बाद 13 जनवरी तक चलेगी। वहीं हाईस्कूल की प्री-बोर्ड परीक्षा 6 जनवरी को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बार एसआईआर सर्वे का असर बोर्ड परीक्षाओं पर दे सकता है।

## फरवरी में होंगे अभिभाषक संघ के चुनाव, खन्ना बने निर्वाचन अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारियों का निर्वाचन फरवरी माह में होना है, इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वच्छ और निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हो इसके लिए रविवार को आयोजित हुई जिला अभिभाषक संघ की साधारण सभा में वरिष्ठ अभिभाषक ओपी खन्ना को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया।

फरवरी 2026 में होने वाले जिला अभिभाषक संघ के चुनाव को संपन्न कराने के लिए पूरी व्यवस्था निर्वाचन टीम बनाकर उसे सौंपने के आदेश आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी एड ओपी खन्ना को बनाया गया। एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में मुकुल गुप्ता एवं कृपा शंकर सोनी को नियुक्त किया गया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ सदस्य कैलाश विजयवर्गीय, ओपी गुप्ता, योगेंद्र भदौरिया, ललित मुदगल अध्यक्ष, मुस्ताक अहमद सचिव, राकेश जाट उपाध्यक्ष, दीपक गोयल कोषाध्यक्ष, देवेंद्र वैश्य सह सचिव, समीर पठान, गजेंद्र भदौरिया, इंद्र चौहान, आदि अभिभाषक गण मौजूद रहे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बगडुआ की भूमि सर्वे क्रमांक 556/1 रकवा 10 वीधा मे से 04 वीघा 13 विस्वा भूमि जो नेशनल हाईवे 552 पाली रोड़ पर शासकीय स्कूल से लगी हुई है जिसको हमारे व्यवहारी अशफाक मोहम्मद पुत्र श्री रफीक मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी ग्राम गुलपुरा कैलारस जिला मुरैना (म.प्र.) ने भूमि के स्वामी महावीर मीणा पुत्र सियाराम मीणा निवासी ग्राम बगडुआ तहसील व जिला श्योपुर से 03 करोड़ 05 लाख रुपये में क्रय करने का अनुबंध दिनांक 30.08.2025 को किया था तथा अनुबंध पेठे 25 लाख रुपये रुवरु गवाहान प्राप्त कर लिये है तथा अनुबंध के अनुसार दिनांक 30.05.2026 को 80 लाख रुपये तथा 30.05.2027 को 50 लाख रुपये तथा 01 करोड़ रुपये वक्त रजिस्ट्री 30.03.2028 को अदा करने का किया गया है। किन्तु महावीर मीणा उपरोक्त भूमि की कीमत बढ़ जाने से अपने द्वारा किये गये अनुबंध से मुंकने लगा है। जबकि हमारा व्यवहारी अनुबंध के अपने भाग का पालन करने को तैयार है। उपरोक्त अनुबंध की पालना का दावा न्यायालय में बयनामे की दिनांक को प्रस्तुत किया जावेगा। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी से महावीर मीणा पुत्र सियाराग मीणा निवासी ग्राम बगडुआ द्वारा अनुबंध की गई भूमि का क्रय विक्रय न करे अन्यथा की स्थिति में क्रेता उत्तरदायी होगा। तदानुसार सूचित हो।

कार्यालय
मुनव्वर अली, धर्मसिंह मीणा, राजेन्द्र प्रजापति, नौशाद अहमद एडवोकेट्स, पुलिस कोतवाली के पीछे श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र.

**खबर संक्षेप**

## कार की टक्कर से भैंस की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जागीर निवासी हेमन्त गिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 67 सी 4590 के चालक ने सावरिया ढाबे के पास विदिशा रोड पर अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी भैंस को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

## जुआ के फड़ पर छापामार कार्रवाई की

**अशोकनगर।** जिल के नईसरायं थाने के अंतर्गत पुलिस ने सरकारी स्कूल के पीछे ग्राम मढी में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए तीन को गिरफ्तार किया है। जिनमें नरेन्द्र कुशवाह, अनिल रघुवंशी और शिवसिंह शामिल हैं। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 12500 रूपए बरामद किए हैं।

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया पछार निवासी चिमनलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और मांगीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामाटोरा निवासी रामसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल, शिशुपाल, और राजा अहिरवार ने कुल्हाडी से हमला कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी आशाबाई कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आनंद,अरबिंद, पुष्पेन्द्र और हब्बन कौली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी लक्ष्मीबाई रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति मुकेश रैकवार ने पारिवारिक विवाद के चलते लोहे की आरी से गले पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें उसे चोटे आई हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी भूरीबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रताप और सरजूबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सरजूबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कैलाश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## पिपरई के वार्ड क्रमांक 5 को जल्दी मिलेगी धूल से मुक्ति



**पिपरई।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 की जनता की बहुत दिनों से माँग चल रही थी की बार्ड की गलियों मे पानी भरा रहता है सी.सी. कार्य किया जाये तो बार्ड बासी की समस्या को पार्षद साधना ताँबरे ने बार बार नगर परिषद अध्ययक्ष को बताया तो अब बार्ड मे सी, सी, का निर्माण कराया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि रामचरण तांबरे ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को दिशा निर्देश किया और क्वालिटी की जांच की। मोहल्लों में सीसी (सीमेंट कंक्रीट खड़ंजा) सड़क बनने से लोगों को कीचड़ और जलभराव से मुक्ति मिलेगी। सड़क बनने के बाद बारिश के दौरान होने वाले कीचड़ और जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी। इससे ग्रामीणों को पैदल चलने और वाहन चलाने में आसानी होगी।

## राजपुर में शंका समाधान का कार्यक्रम संपन्न

**राजपुर।** राजपुर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पंचम दिवस रविवार को मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज जी ने शंका समाधान का लाभ नगर वासियों को दिया। समस्त नगर वासियों ने अपने अपने प्रश्न मुनि श्री के समक्ष रखे, जिनका समाधान मुनि श्री ने किया। दोपहर 1 बजे भरत चक्रवर्ती जी की दिग्विजय यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई, यात्रा में जगह जगह मिष्ठान वितरित किए गए।

### बीना कप में एसपी की गेंद पर कलेक्टर ने लगाया जोरदार शॉर्ट

# खेल से शरीर और विचार दोनों सशक्त होते हैं : पंडित विपिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

जीवन एक खेल है, खेल केवल शरीर को बलवान बनाने का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का एक माध्यम है। उक्त उद्गार बस स्टैंड के सामने मैदान में आयोजित पंडित राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट के 13वें दिवस राष्ट्रीय संत पंडित विपिन बिहारी दास महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि जैसे साधना से मन शुद्ध होता है, वैसे ही खेल से शरीर और विचार दोनों सशक्त होते हैं। खेल हमें अनुशासन सिखाता है, धैर्य का अभ्यास कराता है और हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करना सिखाता है। खेल में सच्ची विजय पदक से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों से मिलती है। जब तुम नियमों का पालन करते हो, अपने साथी का सम्मान करते हो और विरोधी को भी आदर देते हो, तभी तुम सच्चे खिलाड़ी बनते हो। खेल जीवन की पाठशाला है। यहां परिश्रम, एकता और



आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाया जाता है। जो खिलाड़ी मैदान में ईमानदारी और समर्पण से खेलता है, वहीं जीवन के मैदान में भी सफल होता है। कार्यक्रम में पहुंचे पंडित विपिन बिहारी दास महाराज ने स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### कलेक्टर-एसपी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया

बीना कप के तेरहवें दिवस मुख्य अतिथि के रूप में सागर कलेक्टर संदीप जीआर एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने खेल मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। साथ ही एसपी विकास कुमार सहवाल की गेंद पर कलेक्टर संदीप जीआर ने जोरदार शॉर्ट लगाया। इस मौके पर टूर्नामेंट संयोजक भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने अतिथियों का सम्मान किया। इस मौके पर एसडीएम विजय डेहरिया, एसडीओपी नितेश पटेल, थाना प्रभारी अनूप यादव, नपा सीएमओ राहुल कौरव एवं परमार्थ सेवा संगठन समिति सदस्य सम्मिलित हुए।

### उज्जैन ने रामपुर को 38 रन से हराया

13वें दिवस का पहला मैच उज्जैन और रामपुर के बीच खेला गया। उज्जैन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रन बनाए। जवाब में रामपुर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 111 रन बना कर पराजित हुई। दूसरा मैच वाएडी बीना और नरसिंह इलेवन के बीच हुआ। वाएडी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 170 रन बनाए। जवाब में नरसिंह इलेवन ने 101 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच तरुण राय रहे, उन्होंने 69 रन बनाए। एक हाथ से कैच पकड़ने पर अश्विन राजपूत को निमेश अग्रवाल, विक्की राय की ओर से पांच हजार की नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर राजेश मिश्रा, महेंद्र यादव, कामेंटर अकरम अली, अनिल शर्मा एवं स्कोरर,रोहित, नीतेश वर्मा, राघव लिटोरिया रहे।

### थाना प्रभारी ने कहा- रिपोर्ट का इंतजार

## ग्रामीणों ने पशु की हत्या का आरोप लगाया



**अशोकनगर।** नगर से 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम आवंरी माफी के ग्रामीणों ने देहात थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंपा है जिसमें ग्रामीणों का आरोप है कि पशु की लट्ठ मारकर हत्या की गई है और उसे खेत से बाहर फेंक दिया गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक पशु का पंचनामा बनाया, पशु पालन विभाग के डॉक्टरों से शव परीक्षण कराने क बाद मृतक पशु को गडडा खोदकर दफनाया गया। इसके बाद आवंरी माफी के ग्रामीण गांव के सरपंच प्रतिनिधि के साथ देहात थाना पहुंचे। जहां प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा पुलिस को बताया गया है कि गांव से एक बे सहारा पशु को एक व्यक्ति द्वारा मारा गया है आरोप कांग्रेस नेता बली सिंह पर लगाए गए हैं। उसके खेत में घुस जाने पर उनके द्वारा लाठियों से मार मार कर हत्या कर दी। मृतक पशु को गांव के सरकारी स्कूल के पीछे फेंक दिया गया। 50 से 60 ग्रामीण सरपंच परिवार के साथ शिकायत करने देहात थाने पहुंचे थे जहां थाने में शिकायतकर्ताओं से लिखित आवेदन लिया गया। देहात थाने के टीआई भुवनेश शर्मा ने बताया कि आंवरी मांफी गांव से जानकारी मिली थी कि गांव में एक पशु को लाठियों से मार कर हत्या की गई जिस पर से देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करवाकर। कुछ ग्रामीण आवेदन लेकर आए थे जिसमें नाम दर्शाए गए हैं। पुलिस जांच कर रही है जो मेडिकल रिपोर्ट आएगी उस आधार पर संबंधित पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। पशुचिकित्सक डॉ. शिवेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने बछड़े का पोस्टमार्टम किया है बछड़े के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है।

### कलेक्टर ने अशोकनगर से करीला धाम की साइकिल से यात्रा की

**अशोकनगर।** इस समय लोग अपने घरों में ठण्ड से सिकुड़ रहे हैं उनसे गर्म कपड़े छोड़े नहीं जाते इसके विपरीत अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह इस कड़कड़ाती ठण्ड में रविवार के दिन जिले के प्रसिद्ध करीला धाम में माता के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंदिर स्थल पर आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



## चंदेरी महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित कोर्स बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की कक्षा का संचालन शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया गया।

जिसमें वाद-विवाद (पक्ष-विपक्ष) दो टीम बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक परामर्शदाता स्वदेश समैया, मनीषा सोनी, दुर्गेश ओझा सुभाष बैरागी, प्रहलाद लोधी रहे प्रतियोगिता विभिन्न विषयों पर आधारित जैसे शिक्षा, पलायन, धर्मांतरण, पशुपालन, डिजिटल मार्केटिंग जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं आदि विभिन्न विषयों पर छात्रों के द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। (पक्ष विजेता) बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश पाठकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान एमएसडब्ल्यू के छात्र तिलक सिंह यादव एवं तृतीय स्थान संतोषी रायकबार ने किया (विपक्ष विजेता) प्रथम स्थान एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष छात्र अजय थानोरिया द्वितीय स्थान एमएसडब्ल्यू फस्ट ईयर की छात्रा रश्मि कुशवाहा एवं तृतीय स्थान रामकुमार सेन ने प्राप्त किया कार्यक्रम के पश्चात छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## चीता पुलिस की सक्रियता से महज 1 घंटे में गुमशुदा मासूम बालक को परिजनों से मिलाया

**अशोकनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अंतर्गत चीता मोबाइल-01 में तैनात आर.161 अभयराज रघुवंशी एवं आर. 589 विशाल पारदी द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए एक 04 वर्षीय गुमशुदा मासूम बालक को मात्र 01 घंटे के भीतर उसके माता-पिता से सकुशल मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को ड्यूटी के दौरान कंट्रोल रूम अशोकनगर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गांधी पार्क क्षेत्र में एक 04 वर्षीय बच्चा अकेला रोते हुए घूम रहा है, जिसे अपने घर का पता ज्ञात नहीं है। सूचना के तत्काल पालन में चीता मोबाइल स्टाफ मौके पर पहुँचा, जहाँ गांधी पार्क में यातायात व्यवस्था संभाल रहे प्र.आर. नवल रावत के पास उक्त बालक सुरक्षित मिला। पुलिस कर्मियों द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्चे को बिस्किट व चिप्स खिलाकर शांत कराया गया। स्नेहपूर्वक बातचीत करने पर बच्चे ने अपना नाम अयांश मौर्य, पिता का नाम अशोक कुमार मौर्य बताया तथा पते के रूप में केवल वर्धमान स्कूल का उल्लेख किया। इसके पश्चात महावीर कॉलोनी स्थित वर्धमान स्कूल पहुँचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। बच्चे को आसपास की गलियों में घुमाने पर एक गली के मोड़ पर उसे तलाश करते हुए उसके माता-पिता मिल गए। माता-पिता को देखते ही बच्चा दौड़कर अपनी माँ के गले से लिपट गया। पूरी तस्दीक उपरांत गुमशुदा बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

### बीना नगर केंद्र में कलश वितरण का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विविध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में मंडल स्तर पर प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को लेकर संघ ने हिंदू समाज से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। इस अभियान अंतर्गत रविवार को बीना नगर केंद्र में भव्य कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचक एवं धर्माचार्य विपिन बिहारी शास्त्री के कर-कमलों से जिले के प्रत्येक मंडल के प्रतिनिधियों को कलश वितरित किए गए। बताया कि ये कलश आगामी दिनों में मंडल स्तर पर होने वाले हिंदू सम्मेलन, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जनजागरण अभियानों का प्रतीक होंगे। कलश वितरण के माध्यम से प्रत्येक मंडल को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि शताब्दी वर्ष के आयोजनों को सार्थक, भव्य और ऐतिहासिक रूप दिया जा सके।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विपिन बिहारी शास्त्री ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल एक संगठन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का अवसर है। प्रत्येक मंडल और प्रत्येक परिवार की सहभागिता से ही यह अभियान सफल होगा। कार्यक्रम में उपस्थित संघ पदाधिकारियों ने बताया कि मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रभक्ति एवं पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। इन सम्मेलनों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कलश वितरण कार्यक्रम में संघ स्वयं सेवक, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मप्रेमी नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह का भाव देखने को मिला। अंत में सभी मंडलों के प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक सहभागिता को और अधिक सशक्त करेंगे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर जिले भर में गतिविधियां तेज हो गई हैं और आने वाले दिनों में मंडल स्तर पर बड़े आयोजन देखने को मिलेंगे।

### करीब 1 वर्ष से नाले का पानी पी रही थी नई कॉलोनी की जनता

# नगर परिषद की खुदाई में वाटर पाइप लाइन सीवर लाइन के साथ फूटी हुई अवस्था में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा नगर परिषद में लंबे समय से चली आ रही गंदे पानी की समस्या तब चरम पर पहुंची, विवाद इतना गहरा गया कि नगर परिषद को नल जल लाइन की खुदाई करनी पड़ी। खुदाई के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ, ड्रिंकिंग वाटर पाइपलाइन सीवर लाइन के साथ फूटी हुई अवस्था में थी। इस वजह से सीवर का दूषित पानी सीधे पेयजल पाइप में मिलकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा था। लगभग एक वर्ष तक यह स्थिति बनी रही, जिससे आमजनता को नाली के समान गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ा। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार इस प्रदूषित पानी पर पूरी तरह निर्भर थे। यह घटना नगर परिषद की गंभीर तकनीकी विफलता को



उजागर करती है, जहां बुनियादी ढांचे की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

करैरा की जल आपूर्ति व्यवस्था लगभग तीन दशक पुरानी पाइपलाइनों पर टिकी हुई है, जिनका नियमित रखरखाव कभी नहीं हुआ। नगर परिषद द्वारा पाइपलाइन रखरखाव और फिल्टर प्लांट के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन हकीकत में यह धन बंदरबांट का माध्यम बन चुका है। फिल्टर सिस्टम की स्थिति दयनीय है। एलम और ब्लीचिंग के नाम पर भारी अनियमितताएं हो रही हैं। वास्तव में नदी का असंसाधित पानी सीधे सप्लाई कर दिया जाता है, बिना उचित शुद्धिकरण के। केंद्र सरकार की हर घर जल योजना के बावजूद शहर के अंदर ही शुद्ध पानी पहुंचाने में नगर परिषद पूरी तरह असफल रही है।

### शिकायतों की अनदेखी करने पर नागरिकों ने सीएमओ पर लगाए आरोप

नागरिकों ने इस समस्या को लेकर दर्जनों आवेदन और शिकायतें सीएमओ गोपाल गुप्ता के पास पहुंचाईं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा हाथ लगी। कोई सुनवाई नहीं हुई, न ही कोई त्वरित कार्रवाई की गई। प्रशासन की यह सुस्ती तब और आश्चर्यजनक लगती है, जब इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की खबरों ने पूरे प्रदेश को हिला दिया। करैरा में भी यही पैटर्न दोहराया गया, लोगों की शिकायतों को अनसुना कर दिया गया और स्थिति को नियंत्रित करने की बजाय अनदेखा किया गया। यह स्पष्ट है कि स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकताएं आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा से कहीं दूर थीं। इस लापरवाही ने न केवल लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डाला, बल्कि लोकतंत्र में जनता की आवाज के प्रति अधिकारियों की उदासीनता को भी बेनकाब किया।

### इनका कहना है...

हम हफ़्ते में दो बार पानी का टैंकर डलवाते हैं। नल में काला पानी है जब लाइन खुदी तो पता चला की नल नहीं सीधा सीवर का पानी आ रहा था।

**पंकज जैन, स्थानीय निवासी**

जहां जहां से गंदे पानी की शिकायत है उसे दुरुस्त करवा देंगे।

**गोपाल गुप्ता, सीएमओ करैरा**

## नरवर में किसान कांग्रेस के नए ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम रावत का किया स्वागत



**करैरा।** करैरा विधानसभा क्षेत्र के नरवर ब्लॉक में किसान कांग्रेस की नई जिम्मेदारी संभालने पर विक्रम रावत वनियानी का सोमवार को स्वागत किया गया। नरवर पहुंचते ही ब्लॉक अध्यक्ष संजय हरसाना के नेतृत्व में साबिर खान, कल्लूराम कुशवाह, कमल सिंह कुशवाह, सुशील तिवारी, नारायण कदम सहित कांग्रेसियों ने उनका अभिनंदन किया। विक्रम रावत ने इस अवसर पर सभी समर्थकों और वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान कांग्रेस की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को मिलना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का वचन दिया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। रावत ने कहा कि किसान वर्ग आज कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। फसल का उचित मूल्य न मिलना, खाद-बीज की कमी, सिंचाई सुविधाओं का अभाव, कर्ज का बोझ और लगातार बढ़ती लागत जैसी समस्याएं किसानों की कमर तोड़ रही हैं। मध्य प्रदेश में हाल के वर्षों में खाद संकट, अमानक बीजों की समस्या और बाजार में उतार-चढ़ाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। ऐसे में किसान कांग्रेस के माध्यम से इन मुद्दों को मुखरता से उठाना और स्थानीय स्तर पर किसानों की आवाज बनना उनकी प्राथमिकता रहेगी।